पटना ● मंगलवार, 11 मार्च 2025 मूल्यः 5:00, पृष्ठः 8 वर्षः 6, अंकः64 www.bordernewsmirror@gmail.com ☎ 9471060219, 9470050309

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र

RNI N.- BIHBIL/2022/88070

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत.. 3 www.bordernewsmirror.com टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा... 7

लोकसभा में विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

● पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए: राहुल गांधी ● विपक्ष चाहता है गड़बड़ी पर चर्चा हो, डीएमके सांसदों का ट्राय-लैंग्वेज पर हंगामा

नईदिल्ली (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए।

इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया। डीएमके सांसद नई शिक्षा नीति (एनईपी) और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

केंद्र सरकार ने एनईपी के तहत तीन भाषाएं पढ़ाए जाने का प्रावधान किया है। इसमें स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाना अनिवार्य किया गया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। उसका

कहना है कि हम पर हिन्दी जानबूझकर थोपी जा रही है। डीएमके सांसद इसी का विरोध कर रहे हैं।

विवाद पर शिक्षा मंत्री ने कहा- डीएमके के लोग बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं। वे अलोकतांत्रिक और असभ्य हैं।

विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया- कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने सोमवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। विपक्षी नेता डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र, अमेरिकी फंडिंग के मुद्दों पर नोटिस खारिज किए जाने से नाराज थे। हालांकि जेपी नड्डा ने कहा कि नियमों के तहत हम सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

प्रधान बोले- तमिलनाडु सरकार को पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और तीन भाषाओं के विवाद पर कहा- जिनके पास कोई तथ्य नहीं है, वे केवल हल्ला करके विषय को भ्रमित करना चाहते हैं। पिछले दिनों भारत सरकार की तमिलनाडु सरकार से चर्चा हुई थी। इसमें समझौते का एक रास्ता भी निकला था। उसी रास्ते पर तमिलनाडु सरकार राजी हो जाए, हमें उन्हें पीएम श्री एलोकेशन देने में कोई आपत्ति नहीं है। हम उनसे बार-बार अनुरोध करते आए हैं। तमिलनाडु में पीएम श्री स्कूलों में केवल तमिल भाषा ही शिक्षा का माध्यम होगी। तमिलनाडु सरकार का विरोध क्या है? मुझे यह समझ में नहीं आता है। पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र सभी पीएम श्री और नई शिक्षा नीति को लागू कर रहे हैं। कोई किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहा है। वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

नीतीश कुमार को लगा झटका

जेडीयू की टॉप लीडरशिप में आया 'क्रेक' 3 दिग्गजों ने छोड़ी पार्टी

मधेपुरा (एजेंसी)। प्रदेश राजद कार्यालय पटना पहुंचकर बिहारीगंज विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी इं. प्रभाष कुमार के नेतृत्व में जदयू नेताओं ने राजद की सदस्यता ली। जिनमें जदयू के प्रदेश महासचिव रामकृष्ण मंडल, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव दयानंद शर्मा व जदयू नेता अविनाश राम शामिल हैं। प्रधान महासचिव रणविजय साहू, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष तीनों नेताओं ने राजद की सदस्यता ली।

गढ़वा के पटाखा दुकान में आग से 5 की मौत, सीएम हेमंत ने दिए जांच के आदेश

गढ़वा (एजेंसी)। झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। घटना गोदरमाना गांव की है, जो झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस का मंच गिरा, कई नेता घायल, विधानसभा घेरने की जगह अस्पताल पहुंचे

भोपाल (एजेंसी)। सोमवार को भोपाल में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं का मंच गिर गया, जिससे सात नेता घायल हो गए। यह हादसा रंगमहल चौराहे के पास हुआ। नेता किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। विधानसभा कूच से पहले नेता प्रदर्शनकारियों को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि वह भी प्रदर्शन में मौजूद थे।

एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे।

योगी सरकार के पांच बड़े फैसले

गेहूं खरीद से मेडिकल कॉलेजों तक के लिए निर्णय, सैफई विकास के लिए भी अहम फैसला

लखनऊ (एजेंसी)। राजधानी लखनऊ में सोमवार को सूबे की योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक की गई। बैठक लोकभवन में आयोजित की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

यूपी में बड़ा हादसा

करंट की चपेट में आने से मां समेत दो बेटों की मौत

झांसी (एजेंसी)। पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर करीब 3 बजे हुई है। हर कंवर पत्नी स्व. धर्म दास कुशवाहा निवासी ग्राम बंगरा उम्र करीब 65 वर्ष अपने पुत्र काशीराम कुशवाहा उम्र 45 वर्ष और नरेंद्र कुशवाहा उम्र 32 वर्ष के साथ बंगरा स्थित अपने खेत में गेहूं की फसल में पानी लगा रही थीं कि तभी अचानक बिजली का करंट लगने से तीनों लोगों की मृत्यु हो गई।

चैंपियंस ट्रॉफी जीत के जश्न में उपद्रव करने वालों की हुई पहचान

- हिरासत में 13 लोग; भारत की जीत के बाद महू में भड़की थी हिंसा
- असामाजिक तत्वों ने रैली पर पथराव किया
- रातभर शहर में गश्त करती रही पुलिस फोर्स

भोपाल/महू (एजेंसी)। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत की जीत के बाद इंदौर जिले के महू इलाके में देर रात जमकर बवाल मचा। जीत के बाद महू में निकाले जा रहे विजयी जुलूस में पथराव और आगजनी की गई। उपद्रव करने वाले अब तक 13 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

असामाजिक तत्वों ने लोगों पर की पत्थरबाजी

बता दें कि जैसे जश्न की रैली एक मस्जिद के पास पहुंची तो कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों में आग लगा दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो से पहचान कर 13 लोगों को हिरासत में लिया है।

म.प्र.के सीधी जिले में ट्रक-एसयूवी की टक्कर; 9 की मौत

12 घायल

सीधी (एजेंसी)। सोमवार को सीधी में टैंकर और जीप की टक्कर में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 12 घायलों में से 7 की हालत गंभीर है।

हादसा कोतवाली थाना इलाके में हुआ। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में 6 बच्चे भी हैं। गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है, बाकी को सीधी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजस्थान में किसान बनकर सरकार से ठग लिए 826.66 लाख रुपये!

विधानसभा में उठा सवाल, कहीं अधिकारियों की मिलीभगत तो नहीं!

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में करोड़ों रुपये की हेरफेर हुई है। हजारों लोगों ने योजना के लिए अपात्र होते हुए सरकारी योजना में पैसा उठाया है। इस विषय में अबसहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने सोमवार को विधानसभा में जानकारी है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अनुचित लाभ लेने वाले अपात्र व्यक्तियों से शीघ्र वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत इस कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

पाली जिले में इस योजना के तहत अनुचित तरीके से राशि हस्तांतरित किए जाने के मामलों की जांच के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) को नियुक्त किया गया है। राज्यमंत्री ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान विधानसभा में हुई चर्चा, राशि वसूलने के निर्देश जारी- सहकारिता राज्यमंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान इस विषय पर पूछे गए पूरक प्रश्नों के उत्तर में बताया कि योजना के प्रारंभ में कृषकों द्वारा दिए गए घोषणा पत्र के आधार पर ही लाभ राशि हस्तांतरित की जाती थी।

बाद में केंद्र सरकार की ओर से भूमि की रिपोर्ट अपलोड करने को अनिवार्य किया गया।

एक और 'ससुरालटॉर्शन'!

आठ पन्नों का अंग्रेजी में सुसाइड नोट, सास-पत्नी के ताने ने छीनी जिंदगी

भागलपुर (एजेंसी)। बिहार में अतुल सुभाष जैसा केस सामने आया है। मामला भागलपुर के बबरगंज थाना क्षेत्र का है। यहां एक युवक ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दीपक कुमार (26) के रूप में हुई है। घटना मोदीनगर इलाके की है, जहां दीपक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक ने आत्महत्या से पहले 8 पन्नों का एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने अपनी पत्नी, सास-ससुर सहित चार लोगों का जिक्र किया है।

शादी के एक साल बाद ही छोड़कर चली गई थी पत्नी- मिली जानकारी के अनुसार, दीपक ने अपने 8 पन्नों के सुसाइड नोट में लिखा कि वह काफी परेशान था और इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। शादी के एक साथ बाद ही पत्नी छोड़कर चली गई। तीन साल हो गए। कई बार घर वालों ने पत्नी को लाने का प्रयास किया। लेकिन, ससुराल वालों ने आने नहीं दिया। अब मैं जिंदगी से हार चुका हूं। आज आप लोगों से विदा ले रहा हूं। दीपक ने अपने सुसाइड नोट में चार लोगों को जिक्र किया है, इनमें पत्नी राखी राय, सास रीता राय, बदन प्रसाद और कुणाल किशोर राय का नाम शामिल है। मृतक दीपक ने अपने नोट में न्याय की मांग की है।

पत्नी को लेने गया तो साले ने दीपक के साथ की मारपीट- बंटी कुमार- मृतक के भाई बंटी कुमार ने बताया कि मृतक भाई दीपक की शादी चार साल पहले झारखंड के साहिबगंज में राखी राय के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई, क्योंकि दीपक किराना दुकान चलाता था। जबकि पत्नी ज्यादा कमाने के लिए कहती थी।

तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश

2 बदमाशों को गोली मारकर कुछ ज्वेलरी बरामद की; 4 आरोपी माल लेकर भागे

आरा (भोजपुर) (एजेंसी)। बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम में सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में

गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से कुछ ज्वेलरी बरामद की।

4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं।

राजस्थान के गवर्नर बोले

रेपिस्ट को नपुंसक कर छोड़ देना चाहिए

महिलाओं पर अत्याचार करने वालों की पिटाई हो; शिवाजी ने हाथ-पैर तुड़वा दिए थे

भरतपुर (एजेंसी)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार को भरतपुर में रेप की घटनाओं को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा- रेप करने वाले लोगों को नपुंसक कर छोड़ देना चाहिए, तब ऐसे अपराध कम होंगे। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों की पिटाई करनी चाहिए।

गवर्नर बागड़े सोमवार को भरतपुर जिला बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम महात्मा गांधी पशु चिकित्सालय महाविद्यालय के ऑडोटोरियम में हुआ। राज्यपाल पहले सर्किट हाउस पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे ऑडिटोरियम में पहुंचे। वहां बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान गवर्नर ने रेप की वारदातों को लेकर मंच से बयान दिया।

अपराधियों में कानून का डर दिखाई नहीं देता- गवर्नर ने कहा- कानून से अपराधियों को डर लगता है या नहीं, ये नहीं मालूम। 12 साल से कम उम्र वाले बच्चे-बच्ची से किसी ने छेड़छाड़ की, किसी ने रेप या कुकर्म किया तो उसे फांसी की सजा है। फिर भी ऐसे अपराध रुक नहीं रहे।

'मैं सदमे में हूं', कोर्ट में रो पड़ी अभिनेत्री रान्या राव

14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

बेंगलुरु (एजेंसी)। दुबई से सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को 3 दिन की हिरासत खत्म होने के बाद सोमवार को आर्थिक अपराध न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने रान्या राव को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले पुलिस से पूछताछ के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है। मैं सोना तस्करी गिरोह से नहीं जुड़ी हूं। 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करोड़ों रुपये के सोने के साथ अभिनेत्री को डीआरआई ने पकड़ा था।

फरवरी में घरेलू वेज थाली की कीमत 1 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1 प्रतिशत घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी 'आर आर आर' राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5 प्रतिशत घटी है। जनवरी में वेज थाली की कीमत 28.7 रुपए थी।

नॉन-वेज थाली 6 प्रतिशत महंगी- वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत फरवरी में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 57.4 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 54 रुपए थी।

खाटू मेले में पुलिस ने श्रद्धालुओं को थप्पड़ मारे

बाबा श्याम के नगर भ्रमण के दौरान बढ़ी भीड़; हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

सीकर (एजेंसी)। खाटू में फाल्गुनी एकादशी पर 125 किलो चांदी से बने डेढ़ करोड़ रुपए के भव्य रथ में बाबा श्याम नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण में पुलिस की सख्ती देखने को मिली। रथ को छूने के लिए उमड़ी भीड़ को पुलिस ने धक्का-मुक्की कर हटाया। कुछ श्रद्धालुओं को थप्पड़ भी मारे।

यात्रा प्राचीन श्याम कुंड से शुरू होकर, अस्पताल चौराहा और पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के कबूतर चौक पर समाप्त हुई। हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए। भक्तों पर ठंडे पानी और इत्र की बौछार की जा रही है।

गुलमर्ग में मॉडल्स ने खुले में रैंप वॉक किया

जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। कश्मीर के गुलमर्ग में 8 मार्च को एक फैशन शो हुआ था। आरोप है कि शो में कई मॉडलों ने बर्फ पर रैंप वॉक किया। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। स्थानीय लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि सरकार रमजान में ऐसे फैशन शो के आयोजन की अनुमति कैसे दे सकती है?

इस मामले पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के विधायकों ने चर्चा की मांग की।

संक्षिप्त समाचार

होली मिलन में दिखता सौहार्द का विस्तृत रूप : डॉ. राजभूषण

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर। वरीय संवाददाता अखाड़ा घाट इलाके में रविवार को सूड़ी समाज उत्थान मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। उदघाटन केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, मेयर निर्मला साहू और नगर विधायक विजेंद्र चौधरी ने दीप जलाकर किया। वार्ड 19 की पार्षद पूनम देवी ने अतिथियों को सम्मानित किया। केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों में सामाजिक सौहार्द का विस्तृत रूप देखने को मिलता है। मेयर ने लोगों से हंसी-खुशी होली मनाने का आह्वान किया। नगर विधायक ने कहा कि सूड़ी समाज के इस उत्सव में बड़े-छोटे का भेदभाव मिटाकर सभी एक रंग में रंग जाते हैं। मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत और संयोजक चितरंजन महतो ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में लजीज पकवान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मौके पर मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद रेखा कुमारी (सीतामढ़ी), खजौली विधायक अरुण शंकर, पूर्व मंत्री समीर महासेठ, भाजपा जिलाध्यक्ष (पूर्वी) विवेक कुमार, बंधु कुमार, पंकज गामी, ब्रजनंदन सेठ, जितेंद्र महासेठ व अन्य गणमान्य शामिल हुए।

मुफस्सिल थाने के नए थानाध्यक्ष बने मनोज प्रभाकर

छपरा, एजेंसी। सारण के मुफस्सिल थाने में नए थानाध्यक्ष की तैनाती कर दी गई है। एसएसपी कुमार आशिष ने 2009 बैच के पीएसआई मनोज प्रभाकर को यह जिम्मेदारी सौंपी है। मनोज प्रभाकर अब तक एसपी कार्यालय में कार्यरत थे। बता दें कि पूर्व थानाध्यक्ष विशाल आनंद को पिछले शनिवार को एसएसपी ने निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया था। यह कार्रवाई पैसों के लेनदेन से जुड़े एक ऑडियो वायरल होने के बाद की गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एसएसपी ने अपने आदेश में कहा कि बेहतर विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक सुगमता के लिए यह नियुक्ति की गई है। मनोज प्रभाकर को तत्काल नए पद पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। वे सोमवार से अपना कार्यभार संभालेंगे। विशाल आनंद के निलंबन के बाद थाने का संचालन अपर थानाध्यक्ष के प्रभार में चल रहा था। नए थानाध्यक्ष के सामने मशरख में विधि व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के जरिए लोगों का विश्वास जीतने की चुनौती होगी।

खाटू श्याम निशान यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

सहरसा, एजेंसी। फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के शुभ अवसर पर सहरसा में मारवाड़ी समाज के श्याम परिवार ने भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। बड़ी दुर्गा स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शंकर चौक से शुरू होकर बंगाली बाजार, प्रशांत मोड़, गंगजला चौक, थाना चौक, डीबी रोड और मारूफगंज रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में कीर्तन और जयकारे लगाए। महिलाएं हाथों में निशान लेकर पैदल चल रही थीं। शहर की सड़कों पर यात्रा को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा हुई। खाटू श्याम भक्त मंडल और श्याम परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आदित्य मित्तल, रोहित तुलिस्यान, विपुल दहलान, आनंद अग्रवाल, आनंद भीमसेरिया, मनीष पचारिया और राज अग्रवाल समेत कई भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बिहार में मरने लगी मुर्गियां, बर्ड फ्लू को लेकर आईसीएआर का अलर्ट जारी

पटना, एजेंसी। बिहार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद विभाग अलर्ट हो गया है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है. जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी सुशांत कुमार के अनुसार मुर्गियों की मौत के बाद इसकी पुष्टि की गयी है.

फोन नंबर जारी

बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बढ़ाने का निर्देश जारी किया गया है. जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी का नंबर भी जारी किया गया है. अगर आसपास पक्षियों की मौत की सूचना मिलती है तो 947100 2879 पर यदि जानकारी दे सकते हैं.

कर्मियों का सैंपल लिया

पटना के सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि अभी केवल कृषि अनुसंधान परिषद में ही एच-5 एन-1 वायरस (बर्ड फ्लू) के मामले सामने आए हैं. चिंता करने की अभी कोई बात नहीं है. हमलोग कृषि अनुसंधान परिषद में जो लोग हैं, उनका सैंपल लेकर टेस्ट भी करेंगे.

जांच के लिए भोपाल भेजा सैंपल

3 किलोमीटर की दायरे में हमलोगों ने सर्वे करने का भी निर्देश दिया है. एंटीवायरस दवाइयां का भी वितरण करेंगे. कृषि अनुसंधान परिषद के पोल्ट्री फार्म में 27 फरवरी से मुर्गियों के अचानक मरने की घटना शुरू हुई. वहां के निदेशक ने इसकी सूचना दी. सैंपल एकत्र कर उसकी जांच के लिए भोपाल लैब भेजा गया. पक्षियों का इन्फ्लूएंजा सुरक्षा मानकों को अपनाते हुए दफनाया गया.

सतर्कता जरूरी

जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी सुशांत कुमार के अनुसार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अलावे अभी तक कहीं से पक्षियों के मरने की कोई खबर नहीं आई है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है. पशुपालन विभाग भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. जहानाबाद में हो चुकी है पुष्टिः आपको बता दें कि इससे पहले जहानाबाद में ही बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी.

बर्ड फ्लू और बचाव

बर्ड फ्लू मुक्त पक्षियों और खासकर मुर्गियों में फैलने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है. मनुष्य में यह सर्दी-खांसी, तेज बुखार, नाक बहने जैसे सामान्य लक्षण दिखते हैं. और सांस में परेशानी होती है. इस तरह के सिंपटम मिलने पर लोगों को डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए. मुर्गी बीमार दिखे या अचानक मौत हो तो उसके संपर्क में आने से बचना चाहिये. बीमार पक्षियों के पंख, म्यूकस या बीट को न छुए.

मोकामा में होली मिलन समारोह का आयोजन

पटना, एजेंसी। मोकामा में पूर्व सांसद और राष्ट्रीय लोजपा के नेता सूरजभान सिंह की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेता एक-साथ नजर आए। कार्यक्रम में बीजेपी नेता ललन सिंह भी पहुंचे। पूर्व सांसद सूरजभान सिंह को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पारंपरिक होली गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। सूरजभान सिंह ने इस मिलन समारोह को गैर-राजनीतिक बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ होली मिलन समारोह है। मिलने-जुलने का त्योहार है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई हैं। कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। खुशी का माहौल है। इस बहाने लोगों से मिलना-जुलना हो जाता है।

दल अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिन एक है

वहीं, बीजेपी नेता नेता ललन सिंह ने भी एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली में तो गैर भी गले मिलते हैं। हमारे दल अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल एक है। चुनावी साल होने के कारण इस होली मिलन की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी हो रही है। बिहार के अन्य जिलों से भी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के समर्थक पहुंचे।

गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र देने का आइडिया हमने दिया था: तेजस्वी यादव

पटना, एजेंसी। 65 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर पटना में धरने पर बैठे तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा है। इसपर तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि गांधी मैदान में ज्वाइनिंग लेटर बांटने का आइडिया भी मेरा ही थी। राजद दफ्तार के बाहर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ धरने पर बैठे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 2020 के चुनाव में हमने कहा था कि सरकार बनी तो बेरोजगारी दूर करने के लिए 10 लाख सरकारी नियुक्तियां होंगी। इसके पहले कोई बेरोजगारी की चर्चा नही करता था। इसके पहले हमने बेरोजगारी मुक्ति यात्रा निकाली थी लेकिन कोरोना के कारण स्थगित करना पड़ा था। जब एनडीए की सरकार बनी तो किसी ने रोजगार पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब हमारी सरकार बनी तो पांच लाख नौकरी दी और गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बंटवाया। इसके साथ ही जातिगत गणना कराया। उस वक्त कोई प्रश्नपत्र लीक नही हुआ। स्वास्थ्य विभाग में डेढ़ लाख नौकरी की व्यवस्था की,जिस पर आजतक नही नियुक्ति हुई। तेजस्वी यादव ने भाजपा को आरक्षण,संविधान, लोकतंत्र विरोधी बताया और बजट में पलायन रोकने, गरीबी खत्म करने,

रोजगार देने की कोई चर्चा नहीं की। गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटने का आइडिया भी हमने ही दिया था,जिसको आज क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आरक्षण हुआ होता तो 51 हजार में से 8222 पिछड़े अति पिछड़े लोगों को रोजगार मिला होता। उन्होंने सवाल किया कि 9 माह तक क्यों नहीं आरक्षण को तमिलनाडु के तर्ज पर नौंवी अनुसूची में नहीं डाला गया। आरक्षण की लड़ाई को तेजस्वी लड़ेगा और इसे मुकाम तक पंहुचाएगा। इसे जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ता पहुंचाए।

कांग्रेस नेताओं को कृष्णा अल्लावरु की चेतावनी, 31 मार्च से पहले जिलाध्यक्ष कर ले सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति

पटना, एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है. कांग्रेस भी आगामी विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने का मन बनाए हुए है. प्रदेश कांग्रेस की आज रविवार हुई बैठक में प्रदेश में सभी बूथों पर 31 मार्च तक बूथ लेवल एजेंज (बीएलए) की नियुक्ति करने का फैसला लिया गया. सदाकत आश्रम में जिला अध्यक्षों की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया.

पटना में कांग्रेस की बैठक

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि यह 31 मार्च तक हर हाल में करना है. जो ऐसा नहीं करेंगे उनके साथ अलग से बात किया जायेगा. उन्होंने प्रदेश के सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति जल्द पूरी करने की हिदायत दी.

नेताओं की कृष्णा की चेतावनी

प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावी राजनीति में संगठन की धार को मजबूती देने के लिए बीएलए की नियुक्ति को आधारभूत जरूरत बताया.बैठक में चुनावी रणनीति पर भी मंथन किया गया एवं जिला अध्यक्षों की परेशानियों को दूर कर उन्हें हर सुविधा से लैश करने पर जोर दिया गया. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज की बैठक बुलाई गई थी.

1 साल से चल रहा है काम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कमेटी बनाने की कवायद शुरू की गई थी जिसके लिए नये सिरे से जिला अध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी. लेकिन लोकसभा चुनाव के तैयारी की विवशता के कारण सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति पूरी नहीं हो पायी थी.

कई जिलों में काम पूरा

सभी बूथों पर बीएलओ की नियुक्ति को लेकर कई जिलों में काम पूरा भी हो चुका है. बेगूसराय, कैमूर के जिला कमेटी की सराहना की गई. डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने चुनावी राजनीति में संगठन की धार को मजबूती देने के लिए बीएलए की नियुक्ति को सबसे महत्वपूर्ण बताया.

बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया में चॉकलेट का लालच देकर 3 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते 7 मार्च की थी। अररिया का रहने वाला ये शख्स बाराती वालों के तरफ से शादी समारोह में पहुंचा था। 26 साल के शख्स ने मासूम को जलमासे में ले जाकर हवस का शिकार बनाया और बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर आरोपी वहां से भाग निकला था। घटना के 3 बाद से बच्ची की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। बच्ची का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है। मामला सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग के एना महान इलाके से जुड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शुरुआती जांच में आरोपों को सही पाया।

जिसके बाद से ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने छापेमारी करते हुए घेराबंदी कर आरोपी युवक को अररिया से गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान अररिया जिले के नरपतगंज थाना कर बेलसंडी वार्ड 14 गोकुलपुर निवासी किशन उरांव के बेटे धर्मेंद्र उरांव 26 के रूप में की गई। मामले की जानकारी देते हुए एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बच्ची की मां की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने शादी समारोह में बारातियों की ओर से शादी समारोह में शरीक हुए लोगों की जानकारी जुटाई। जिसके बाद उनकी पहचान शुरू की। बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद भागते युवक को कुछ लोगों ने देखा था। इसी आधार पर बारात में शामिल इस युवक की पहचान की गई। जिसके बाद मेरे निर्देश पर सदर एसडीपीओ पंकज शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपी धर्मेन्द्र उरांव को नरपतगंज थाना की पुलिस की मदद से नरपतगंज थाना अंतर्गत मिरदौल चौक के पास सड़क से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल किया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

क्या है पूरा मामला : घटना के संबंध में बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची अपनी मौसी की शादी में उनके साथ घर आई हुई थी। बाराती सुमठी विशनपुर से सदर थाना इलाके के एक गांव में पहुंची थी। आरोपी बाराती के तरफ से था, वो बाकी लोगों की तरह दुल्हन को तैयार करने और बाराती के स्वागत में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोपी युवक ने बच्ची को अकेला पाकर उसे चॉकलेट का लालच दिया।

दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, समस्तीपुर में लगातार हो रही छिनतई की घटना

समस्तीपुर, एजेंसी। समस्तीपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के पास रविवार शाम दरवाजे पर बाइक रुकने की आवाज पर घर से बाहर निकली एक बुजुर्ग महिला का बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली। पीड़ित महिला के शिक्षक पुत्र डॉ मिथिलेश कुमार ने थाने में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार की मां इंदु वर्मा मोहनपुर रोड स्थित अपने घर पर बैठी हुई थी।

दरवाजे पर एक बाइक के आकार रुकने की आवाज पर वह बाहर निकली। बाइक सवार के बारे में जानना चाह रही थी। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा एक युवक उनकी सोने की चेन झपट लिया हालांकि इस दौरान प्रतिरोध करने पर आधी चेन इंदु वर्मा के हाथ में ही रह गई। आधी टूटी हुई चेन और उसका लॉकेट बदमाश लेकर फरार हो गए। इस दौरान शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों की भीड़ भीड़ जुट गई लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश मोहनपुर रोड में फरार हो गया। बदमाशों की संख्या दो बताई गई है जो एक ही बाइक पर सवार थे।

घर के गेट से महिला की चेन छीनकर बदमाश फरार

इलाके में लगातार हो रही है छिनतई की घटना

वहीं, इस मामले में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि महिला से चेन छीनने की वारदात सामने आई है। घटना को लेकर एक आवेदन मिला है पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि शहर के मोहनपुर और आसपास के इलाके में इन दिनों छिनतई की घटना लगातार सामने आ रही है। हाल ही में मोहनपुर रोड के ही विवेक विहार मोहल्ला में पुलिस की वर्दी जैसे कपड़ा पहने बदमाशों ने भाकपा-माले की महिला नेत्री के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

जेल में पढ़कर पास की बीपीएससी परीक्षा, हथकड़ी लगे हाथों से लिया ज्वाइनिंग लेटर

गया, एजेंसी। बिहार में रविवार को 51389 निवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है. गया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने 1940 बीपीएससी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. नियुक्ति पत्र लेने वालों में एक ऐसा भी सफल अभ्यर्थी शामिल था, जिसने पटना की बेऊर जेल में रहकर पढ़ाई की और सफलता भी पाई. नियुक्ति पत्र लेने के लिए उसको हथकड़ी लगी हालत में ही बोधगया लाया गया था. कड़ी निगरानी के बीच उसने हथकड़ी लगे हाथों से ही ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त किया.

बेऊर में पढ़ाई, हथकड़ी में लिया ज्वाइनिंग लेटर: 1940 बीपीएससी शिक्षकों के बीच विपिन कुमार पर सब की निगाहें टिकी रही, क्योंकि विपिन कुमार के हाथों में हथकड़ी लगी थी और इस हालत में पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच महाबोधि संस्कृति केंद्र में नियुक्ति पत्र लेने को लाया गया था. नियुक्ति पत्र पाने के बाद विपिन कुमार ने बताया कि वह जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के एरकी गांव का रहने वाला है. जेल में रहकर ही 18 महीने तक पढ़ाई की और सफलता हासिल की.

क्यों जाना पड़ा जेल?: विपिन ने बताया कि वह पटना के दानापुर में एक प्राइवेट कोचिंग चलाता था. किसी बात को लेकर एक छात्रा को पीट दिया था, जिसके बाद मुझे गलत आरोप लगाकर फंसा दिया गया था. इस मामले में 18 महीने से बेऊर जेल में बंद हैं. जेल में ही में रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करता था. नियुक्ति पत्र मिलने से काफी खुशी है. उसने आरोप लगाया कि एक कोचिंग संचालक ने छात्रा से गलत आरोप लगाकर मुझे फंसवा दिया गया. डेढ़ साल पहले एक नाबालिक छात्रा ने मेरे खिलाफ दानापुर थाने में मामला दर्ज कराया था. गिरफ्तारी के बाद मैं पटना की बेऊर जेल में रहते हुए ही तैयारी की और सफलता प्राप्त की. शिक्षत नियुक्ति पत्र मिलने से खुश हूं, पहले प्राइवेट टीचर था लेकिन अब सरकारी शिक्षक बन गया.

सामान्य विषय में हुआ है चयन: रविवार को गया में शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मंत्री नीतीश मिश्रा ने विपिन को भी नियुक्ति पत्र सौंपा. विद्यालय अध्यापक पद के सामान्य विषय के लिए उसका चयन हुआ है. वह पोक्सो एक्ट का आरोपी है और 18 महीने से पटना स्थित बेऊर जेल में बंद है. वहीं, नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया.

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पर जमुई में धूम

देर रात तक चली आतिशबाजी, लोगों ने नाचते-गाते मनाया जीत का जश्न

जमुई, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। 12 साल बाद जमुई में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर पटाखे फोड़े, नाचते-गाते हुए खुशी मनाई। मैच खत्म होते ही शहर के कई हिस्सों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाया। स्थानीय निवासी हर्षित सिंह ने बताया कि ÷यह जीत हमारे लिए गर्व का क्षण है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और एक बार फिर साबित कर दिया कि हम क्रिकेट के असली चैंपियन हैं। वहीं, क्रिकेट प्रेमी सोनू सिंह ने कहा कि यह खुशी का पल है जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। बता दे न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए।

जवाब में, भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस जीत के बाद जमुई के विभिन्न मोहल्लों में भी जश्न का माहौल रहा। सोशल मीडिया पर भी स्थानीय लोगों ने इस ऐतिहासिक जीत को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। भारत की इस जीत ने न केवल देश बल्कि जमुई के क्रिकेट प्रेमियों को भी गौरवान्वित किया है। अब सभी की नजरें आने वाले टूर्नामेंट्स पर हैं, जहां भारतीय टीम से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी।क्रिकेट प्रेमियों ने भारत माता की जय के खूब नारे लगाए।

संक्षिप्त समाचार

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम। मोतिहारी। जिले के आदापुर प्रखंड क्षेत्र में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय उप शाखा श्यामपुर में आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए अतिथियों एवं धर्म प्रेमियों तथा वक्ताओं ने वर्तमान समय में शिव जयंती का अद्वितीय महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी संस्था के राजयोगिनी ब्रह्मचारिणी रवीना दीदी ने की। वहीं आगत अतिथियों का स्वागत स्थानीय संचालिका बहन पूर्णिमा ने की। समारोह में बताया गया कि वर्तमान समय में भगवान शिव के आगमन तथा अवतरण को ही महा शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। वे अजर, अमर, अविनाशी एवं सर्वोपरि है। व्यक्ति के जीवन में व्याप्त अंधकार को मिटाकर प्रकाशमय करना उनका कार्य है, सभी को उनके चरित्र का अनुकरण करना जरूरी है। वे दयालुता तथा प्रेम सौहार्द के प्रतीक हैं, वहीं महाशिवरात्रि में भगवान शिव की उपासना का विशेष महत्व माना गया है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों, संगठनों से शामिल होने आए समाजसेवियों, प्रतिनिधियों आदि के द्वारा बारी बारी से देवाधि देव महादेव यानी आराध्य देव के रूप में महाशिवरात्रि के बारे में बताया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला, पुरुष एवं बच्चों को महादेव को सर्वोतम, अतुलनीय बताते हुए महाशिवरात्रि को विभिन्न दृष्टिकोण से सर्वोपरि बताया गया। कार्यक्रम के पूर्व ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शांति यात्रा निकालकर स्थानीय क्षेत्र के छोटी औरैया, ब्लॉक रोड, श्यामपुर बाजार अस्पताल रोड आदि का भ्रमण कर लोगों को धर्म के प्रति जागरूक किया गया। इसमें मुख्यरूप से संस्था के मीना दीदी, छोटेलाल भाई, सुषमा बहन, गोखुल भाई, मीरा बहन राजन जायसवाल, शंभू प्रसाद, नितेश पटेल, सुरेश प्रसाद, सुभाष चंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, मनोरमा देवी, सुधा देवी व माया देवी आदि ने हिस्सा लिया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंत्री ने अंबेडकर आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

बीएनएम। मोतिहारी। जिले के सुगौली प्रखंड के सुगांव स्थित राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय का सोमवार को बिहार सरकार के एससी एसटी कल्याण मंत्री जनक चमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने स्कूल में पढ़ने वालो बच्चों से स्कूल की व्यवस्था,पढ़ाई छात्रावास व भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने स्वयं रसोई रूम में जाकर बन रहे भोजन को देखा और भोजन में दिए जाने वाले व्यंजन के बारे में जानकारी ली। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कमरे की साफ-सफाई व रख-रखाव का जायजा लिया। बच्चों को सरकार से मिलने वाली सामग्री व पाठ्य पुस्तक के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही होने चाहिए। स्कूल में बेहतर पढ़ाई के साथ ही यहां आवासित बच्चों को मेनू के अनुसार बेहतर भोजन मिले।स्कूल में साफ सफाई ठीक से हो।विद्यालय में किसी तरह की अनियमितता हुई तो विभागीय कार्रवाई होना तय है।इस दौरान उन्होने एचएम को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि विद्यालय में ससमय बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो।बच्चों को किसी तरह की दिक्कत नही होनी चाहिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ,जिला कल्याण पदाधिकारी,विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक मौजूद थे।

कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत दवा छिड़काव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

» अगले 60 दिनों तक जिले के 23 प्रखंडों में सिथेटिक पाइरोथाइराइड का होगा छिड़काव : सीएस
» 1 हजार 243 राजस्व ग्राम के 01लाख 88 हजार 627 घरों में करना है छिड़काव

बीएनएम। मोतिहारी

जिले में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को सदर पीएचसी मोतिहारी से सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव एवं डीभीडीसीओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा की देखरेख में प्रशिक्षित दलकर्मियों के द्वारा सिथेटिक पाइरोथाइराइड का छिड़काव आरम्भ किया गया।मौके पर सिविल सर्जन ने कहा की अगले 60 दिनों तक जिले के 23 प्रखंडों में दवा छिड़काव कार्यक्रम चलाया जाएगा ताकि लोग कालाजार रोग से बच सकें।उन्होंने बताया की प्रखण्डों के स्वास्थ्य केंद्रों को दवा, बैनर, पोस्टर उपलब्ध कराई जा चुकी है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरतचंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के 23 प्रखंडों के चिह्नित 345 पंचायतों के 1 हजार 2 सौ 43 गाँवों के 01लाख 88 हजार 627 घरों में संचालित होगा।उन्होंने बताया की जिले में कालाजार के मामलों में कमी आ रही है। वर्तमान में नवंबर 24 तक 24 केस ही प्रतिवेदित है। कालाजार से मुक्त करने की दिशा में स्वास्थ्य कर्मी व विभागीय अधिकारी सक्रिय हैं। इसके लिए महादलित बस्तियों एवं झुग्गी-झोपडी में कालाजार से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सिंथेटिक पाइरोथाइराइड कीटनाशकों का छिड़काव किया जाएगा। कालाजार को जड़ से समाप्त करने व छिड़काव की गुणवत्ता के लिए प्रखंड स्तर पर बैठक के आयोजन के साथ कर्मियों का प्रशिक्षण करा दिया गया है। ताकि जिले से कालाजार खत्म हो सके। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यवेक्षक टीम का गठन किया गया है जो छिड़काव कार्य का सतत अनुश्रवण करेगी।छिड़काव के वक्त इन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है -घर की दीवारों में पड़ी दरारों को भर दें,खाने-पीने के सामान, बर्तन, दीवारों पर टंगे कैलेंडर आदि को बाहर कर दे,भारी सामानों को कमरे के मध्य भाग में एकत्रित कर उसे ढक दें। डॉ. एस सी शर्मा ने बताया कि कालाजार के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सरकार की तरफ से आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। आशा कार्यकर्ता छिड़काव होने से पहले घर-घर जाकर लोगों को इसकी जानकारियां देंगी। उन्होंने बताया कि छिड़काव चक्र के दौरान चयनित गांवों के सभी घरों एवम गौशाला के अंदर पूरी दीवार पर दवा का छिड़काव किया जाना चाहिए। अगर एक भी घर छिडकाव से वंचित रह गया, तो बालू मक्खी के पनपने का खतरा बना रहेगा। भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से ही कालाजार होता है। उन्होंने बताया कि यह मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे कि मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। इसलिए दवा का छिड़काव घरों, गौशालाओं की दीवार पर छह फीट तक किया जाता है। वहीं उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति के रूप में कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है।

कालाजार के लक्षणः- रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है। मौके पर सीएस डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव, डीभीडीसीओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन,अस्पताल प्रबंधक संध्या कुमारी,डॉ खालिद अख्तर, भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार, कंसलटेंट अभिषेक कुमार, विनोद राम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

बीएनएम। मोतिहारी

» पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटनास्थल का किया निरीक्षण,रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन

जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र में तरावीह की नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति के सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना रविवार की रात रामगढ़वा थाना के बैरिया पंचायत के आर्यानगर की है। जहां बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय शेख नुरेन के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रामगढ़वा थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगो के मुताबिक रविवार रात 9.30 बजे के आसपास बदमाशों ने शेख नुरेन के सीने में गोली मारी और घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग निकले। बदमाशों की संख्या दो बताई जा रही है। गोली लगते ही शेख नुरेन जमीन पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को बताया कि घटना को लेकर रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। प्रथम दृष्टया आपसी दुश्मनी में घटना की बात सामने आ रही है। घटना में दो अपराधी शामिल हैं।पुलिस इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

बीएनएम। मोतिहारी

शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के प्रति सम्मान तथा उनके आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, वरीय उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर श्रीगणेश किया गया। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संदेश जिलावासियों तक पहुंचाने हेतु गुब्बारा छोड़ा गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस जिला अंतर्गत कार्यरत सभी महिला पदाधिकारी/ कर्मी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रही है। जो कि सभी बालिकाओं के लिए प्रेरणा की स्रोत हैं एवं सफलता तथा महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन उदाहरण हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया कि महिलाएं अब किसी क्षेत्र पुरूषों से पीछे नहीं है वे आजीविका के हर एक क्षेत्रों में जैसे अंतरिक्ष, सेना,प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजनीति ही क्यों नहीं हो सभी जगह परचम लहरा रही हैं। इसी क्रम सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि बेटियों को बचाने के लिए कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु हम सभी को दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना होगा तभी महिला सशक्तिकरण का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक एवं वरीय उपसमाहर्ता द्वारा अपने सफलता एवं संघर्ष के अनुभवों को साझा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों यथा (खेल, शिक्षा, कला एवं संस्कृति) में उत्कृष्ट कार्य करने जिले की 9 बालिकाओं अनु प्रिया तिवारी, नेहा खातून, आस्था भारती, पुष्पांजलि कुमारी, पूजा कुमारी, शबाना खातून , सिमरन कुमारी, केसर राज को नायिका पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं ब्रांडेड स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण के विषय एवं लोक कला पर सांस्कृतिक प्रस्तुति किया गया। साथ ही बेटी के महत्व, नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,के महत्व को दर्शाते हुए मनमोहक नाट्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान महिला विकास निगम, बिहार, पटना द्वारा निर्मित की गयी लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया। इसके अलावा कैंब्रिज स्कूल एवं महारानी जानकी कुंअर एवं मुजीब गर्ल्स हाइ स्कूल की बच्चियों के द्वारा गायन एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मृणालिनी सहाय द्वारा बेखौफ परिंदा गाने पर एकल प्रस्तुति दर्शकों का मन मोहा. मंच का संचालन श्रीमती राखी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी पदाधिकारीगण ,सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक वीरेन्द्र राम, जिला मिशन समन्वयक निधी कुमारी, केद्र प्रशासक मुक्ति श्रीवास्तव, लैंगिक विशेषज्ञ, सभी महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका मोतिहारी सदर, मोतिहारी ग्रामीण, समेत जिले के तमाम पदाधिकारीगण/कर्मीगण अधिक की संख्या में उपस्थित थे।

होली एवं ईद त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने के लिए मेहसी में शांति समिति की बैठक संपन्न

बीएनएम। मोतिहारी

आगामी होली और ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिले के मेहसी थाना परिसर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी भाग लिया और त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शिवानी शुभम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि होली और ईद जैसे पर्वों के दौरान यह अत्यंत आवश्यक है कि समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखा जाए। दोनों अधिकारियों ने कहा कि मेहसी और जय बजरंग थाना क्षेत्र में होली के अवसर पर होने वाले होलिका दहन और रंगों के त्यौहार को शांति से मनाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है।

समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपीलः- अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के त्यौहार सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के अवसर होते हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए त्यौहार का आनंद शांति से मनाए। विशेषकर, गार्जियन से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को इस दौरान सर्तक रखें और सुनिश्चित करें कि कोई अप्रिय घटना न घटे।

पुलिस बल की तैनाती और डीजे पर प्रतिबंधः- बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी स्थान पर डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि किसी भी टोली द्वारा अश्लील या भड़काऊ गाने बजाए जाते हैं, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राजनीतिक गड़बड़ी से सावधान रहने की अपीलः- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने यह भी कहा कि चूंकि यह चुनावी वर्ष है, कुछ राजनीतिक पार्टियाँ समाज में गड़बड़ी करने की कोशिश कर सकती हैं। इसलिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाए गए झूठे संदेशों पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई घटना घटती है, तो इसका खमियाजा दोनों पक्षों को भुगतना पड़ता है। इसलिए समाज के हर वर्ग को संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए ताकि त्यौहार शांति से मनाया जा सके और किसी भी प्रकार की विवादित स्थिति से बचा जा सके। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस और प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, दरोगा सुबोध कुमार, मुखिया मोश्ताक आलम, अजय यादव, शैलेश प्रसाद, पूर्व उपप्रमुख इमाम हसन, जेपी सेनानी अमर, अली इमाम कुरैशी, संजय कुमार, राजकुमार गुप्ता, चुलबुल ठाकुर, पूर्व सरपंच मोहम्मद अज़ीम, रिजवान अहमद, नन्हे, शहाबुद्दीन अंसारी, शाहनवाज़ खान, पूर्व जिला पार्षद अफ़ज़ल अली, नईम खान, कयूम खान, सुबोध ठाकुर, नबी आलम सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित थे। इसके अलावा, डीजे संचालन से संबंधित लोग भी बैठक में शामिल हुए थे।

मधुरेंद्र ने देश दुनियां को अपनी कला का लोहा मनवाया है आज मुझे भी रेत में उतर दीः श्री श्री रविशंकर

अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने अपनी मुस्कान भरी रेत की मूर्ति देख सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र दी बधाई

बीएनएम। मोतीहारी/भागलपुर

उज्वल बिहार महासत्संग के अवसर पर पहली बार राजा कर्ण की धरती अंगनगरी भागलपुर पहुंचे आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार द्वारा बनायी गई अपनी मुस्कान भरी रेत की मूर्ति को देख अभिभूत हो गए। वही आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने रविवार को सैंडीस कंपाउंड मैदान में आयोजित एक दिवसीय महासत्संग के दौरान मंच श्री श्री ने जैसे ही लोगों का अभिवादन शुरू किया तो सबसे पहले उनकी निगाहें मंच के दायीं ओर पड़ी जहां रेत कलाकार मधुरेंद्र ने श्री श्री की आकृति रेत पर तैयार थी। वे कुछ देर तक वहीं रुक गये और रेत पर बनी अपनी ही प्रतीमा को देखकर आश्चर्यचकित हो उठे, और अन्यास बोल उठे वाह मधुरेंद्र तुम कमाल के कलाकार हो। सच में तुम रेत के जादूगर हो। मैंने तो समुद्र तटीय क्षेत्रों में रेत की मूर्ति बनाते कलाकार को देखता हूं लेकिन आज बिहार में भी देख रहा हूं। मुझे खुशी हो रही हैं कि बिहार की प्रतिभाएं भी देश दुनियां में भारत का नाम रौशन कर रहे हैं।मधुरेंद्र ने देश दुनियां को अपनी कला का लोहा मनवाया है आज मुझे भी रेत में उतार दी। श्री श्री ने मधुरेंद्र की कलाकृति की प्रशंशा करते उज्ज्वल भविष्य की शुभामनाएं भी दी। बता दें कि सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपनी खास अंदाज में अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की यात्रा से पहले भागलपुर के सैंडीस कंपाउंड परिसर में कलाकृति बनाकर उनका स्वागत किया। मधुरेंद्र ने अपनी दो दिनों के कठिन परिश्रम के बाद 20 टन रेत का उपयोग कर 10 फिट ऊंचे विश्व प्रसिद्ध अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी की रेत की मूर्ती बनाई। यह आकर्षण का केंद्र बन गया। लोग अपने मोबाइल फोन में सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डालने लगे जिससे यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मौके पर भारत सरकार पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनि चौबे, शाहनवाज हुसैन, खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, भागलपुर डीएम नवलकिशोर चौधरी, एसएसपी हिरदयकांत समेत दर्जनों राजनैतिक हस्तियों, वरीय पदाधिकारियों, आध्यात्मिक श्रद्धालुओं व आम लोगों ने भी सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की कलाकृति की सराहना की।

संक्षिप्त समाचार

रंग गुलाल की खुशबू सांस्कृतिक फुहार से होगा सराबोर

बीएनएम। बगहा : बगहा पुलिस जिला के रामनगर के श्री प्रेम जननी संस्कृत पाठशाला रामनगर में 12 मार्च को होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी का आयोजन किया जायेगा। होली नशा मुक्त व दहेज मुक्त समाज होगा, होली होगा बेदाग, दारु छोड़ दुध के साथ होली का आगाज किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक संजय मिश्रा ने बताया कि रामनगर में सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक होली बनेगा। जहां रंग गुलाल की खुशबू से सांस्कृतिक फुहार रहेगा। उन्होंने बताया कि रामनगर में होली नशा मुक्त होगा, तथा दारु छोड़ कर लोग दुध के साथ होली मनाने की संकल्प लेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरमान खान, मुख्य संरक्षक समाजसेवी पिन्टू सिंह, संरक्षक सोनू सिंह, नागेन्द्र साह, सुजल सिंह, दीपू पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक राज शिव मंदिर से बेलासपुर मोड़ तक निकाली जायेगी। तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक चम्पारण प्रक्षेत्र हरि किशोर राय होंगे। तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज एवं अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार होंगे। उन्होंने बताया कि होली मिलन समारोह के अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भोजपुरी के सुप्रसिद्ध गायिका प्रीति पासवान, खेसारी लाल 2 सहित दर्जनों की संख्या में नामचीन कलाकारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जायेगी। कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए मार्ग दर्शक मंडल में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ किरण शंकर झा, सदाकांत शुक्ल, डॉ ऐशवर्य चौबे, डॉ राकेश राव शामिल हैं। रंगारंग कार्यक्रम के मंच प्रभारी परमार्थ संस्थान के दिनेश मुखिया, महासचिव तबरेज आलम सहित सभी लोगों का सराहनीय सहयोग देखा गया।

होली मिलन समारोह का आयोजन

बीएनएम। बैरिया । प्रखंड क्षेत्र के मलाही बलुआ पंचायत के मलाही टोला में होली मिलन समारोह का जागो बहन जागो अभियान के द्वारा किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष संजय कुमार निशांत के नेतृत्व में यह समारोह किया गया। संस्थापक संजय कुमार निशांत ने कहा कि होली सामाजिक और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग शांति पूर्वक माहौल में पर्व को मनाए और मिल- जुल कर मनाए वही उन्होंने कहा कि हमारी संस्थान "जागो बहन जागो अभियान" महिलाओं के अधिकार के लिए हमेश तत्पर है। इस संस्थान के माध्यम से बीते दिनो पांच कन्याओं को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया था। वहीं बाढ़ के समय में लोगों की मदद पहुंचने का काम किया हैं। न्याय के लिए भटक रहे पीड़ितों को भी सहायता करने का काम किया है। संतोष चौधरी ने कहा कि होली में अश्लील गाना बजाने पर पुलिस के द्वार कार्रवाई की जाएगी सभी लोगों पारंपरिक तरीके से अबीर वा गुलाल लगाकर होली शांति पूर्वक माहौल मे मनाए। मौके पर तुलसी चौधरी, नंदकिशोर साह, भट्टी भगत, शंभू प्रसाद, बलाई चौधरी, योगेंद्र चौधरी उर्फ अनिल चौधरी एव तमाम ग्रामीण परिवारों के बीच में इस होली मिलन समारोह संपन्न हुवा।

शस्त्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

बीएनएम। बैरिया। थाना में एस.पी. शौर्य सुमन के निर्देश पर पर्व त्यौहार के मद्देनजर बैरिया थाना अंतर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों को सूचना देकर उनका थाना स्तर पर शस्त्र का भौतिक सत्यापन किया गया । साथ ही सभी अनुज्ञप्ति धारियों को पर्व त्यौहार में शांति बनाए रखने का निर्देश थाना प्रभारी अंजेश कुमार के द्वारा दिया गया। सत्यापन कराए पहुंचे अनुज्ञप्ति धारियों में सरपंच महासंघ की अध्यक्ष रजिया तबस्सुम,सिरिसिया निवासी शाह अनवर, शेख खलील सहित कई लोगों ने अपना सत्यापन कराया सत्यापन के लिए थाना स्तर से ओ. डी. पदाधिकारी जमादार मीना कुमारी की ड्यूटी लगाई गई थी |

विशेष अभियान में 27 गिरफ्तार

बीएनएम। शेखपुरा. एसपी के निर्देश पर होली पर्व को लेकर चलाये जा रहे विशेष समकालीन अभियान के विभिन्न थाना की पुलिस द्वारा छापेमारी की गई. इस छापेमारी में अलग-अलग थाना क्षेत्र से कुल 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जिसमे से कोरमा थाना की पुलिस ने शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. वहीं मिशन थाना की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है. वाउघाट थाना की पुलिस ने 9 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है. मैं हूं थाना की पुलिस ने दो वारंटी को पकड़ा है. वहीं से रामपुर की पुलिस ने भी एक वारंटी को गिरफ्तार किया है. जबकि शेखपुरा टाउन थाना की पुलिस ने कुल चार लोगों को अलग-अलग मामले में गिरफ्तार किया है. बरबीघा पुलिस ने भी दो वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. कुसुंबा थाना की पुलिस ने चार नशेड़ी को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है. छिंदवाड़ा थाना के पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है. कसर थाना के पुलिस ने भी एक वारंटी को गिरफ्तार किया है. हरियाली थाना की पुलिस ने कुल 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पाया है. शेखूपुर सराय थाना के पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है. यही नहीं एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया है कि वहां जांच के दौरान शेखपुरा टाउन थाना की पुलिस ने 19000 का जुर्माना वसूली भी किया है जबकि अलग-अलग छापेमारी के दौरान 500 लीटर छोबा को विनष्ट किया गया है.

होली पर्व को लेकर बैठक

बीएनएम। पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत पुलिस जिला बगहा के सेमरा थानाध्यक्ष ने डी जे बाजाने वालों के साथ एक बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश। थाना अध्यक्ष संपत कुमार सिंह यादव ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसमें डीजे पर अश्लील होली गीत एवं अभद्रता पूर्वक होली गीत बजाने पर या ध्वनि प्रदूषण करने पर डीजे संचालक को गिरफ्तार किया जाएगा डीजे जप्त कर लिया जाएगा एवं अग्रेत्तर कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी की दर्ज कर डीजे संचालक को न्यायिक दंड हेतु जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने एवं किसी भी तरह के अप्रिय घटना से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है |

किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

बीएनएम। बेतिया : कृषि विज्ञान केंद्र, मधोपुर, पश्चिम चंपारण के परिसर में जिला कृषि विभाग, बेतिया के सहयोग से किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी, 2025 का भव्य आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय द्वारा किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने मेले का उद्घाटन फ़ीता काटकर किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), पूसा के निदेशक डॉ. के. के. सिंह, MGIFRI पिपराकोठी के निदेशक डॉ. एस. के. पुरबे, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, जिला पशुपालन अधिकारी तथा जिला कृषि कार्यालय के सभी कर्मचारी एवं सांसद प्रतिनिधि प्रदीप साराफ ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण राय ने उपस्थित अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शित तकनीकों और उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला कृषि कार्यालय तथा कृषि विज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रेरित करना, उन्नत बीज, जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से उनकी आय को दोगुना करना है।

चुनावी वर्ष 2025 में सफलता को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में होगी चर्चा: मुकेश सहनी

बीएनएम। बगहा

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की आज दो दिवसीय प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की शुरुआत पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में हुई। बैठक की शुरुआत पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने दीप प्रज्वलित करके की । 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से चर्चित सहनी ने इस मौके पर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर, शहीद जुब्बा सहनी और दिवंगत फूलन देवी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। बैठक की शुरुआत में आए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा संगठन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है और मजबूत हो रहा है लेकिन इस साल हम सभी के लिए अग्निपरीक्षा है। इस साल आने वाला चुनाव हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आने वाला चुनाव बिहार के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सही अर्थों में हमारी पार्टी की नीति और प्राथमिकता गरीबों का कल्याण रही है। यह पार्टी गरीबों की आवाज बनने वाली पार्टी है। हमें बाबा साहेब के सपनों को पूरा करना है, जिसमें समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। आज राजनीति में काफी बदलाव आया है, हमें भी अन्य दलों से मुकाबला करने के लिए वैसे ही बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से 2025 की लड़ाई को लेकर सभी लोग इस बैठक में अपनी बात रखेंगे। कल की बैठक में उन सभी बातों पर चर्चा की जाएगी और फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया जाएगा। उन्होंने अंत में यह भी कहा कि गलतियां हमसे भी हो सकती हैं और आपसे भी। लेकिन उससे आगे बढ़कर हमें नए सिरे से संघर्ष करने के लिए विचार करना होगा और हमें लक्ष्य भी प्राप्त करना होगा।

भव्य होगा रामनवमी पूजा का आयोजन

» बैठक में तैयारी को लेकर किया गया विचार-विमर्श

बीएनएम। केसरिया

पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। छः अप्रैल को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शोभा यात्रा एवं झांकी आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन भव्य व ऐतिहासिक हो इसको लेकर रविवार को मंदिर परिसर में प्रबुद्धजनों की बैठक त्रिभुवन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान पूजा आयोजन समिति का गठन करते हुए अवनीश कुमार पाठक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। वहीं अवध किशोर शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष, गुलटेन कुशवाहा को उपाध्यक्ष, मंजीत कुमार को मीडिया प्रभारी, सुबोध चौधरी को सचिव बनाया गया। विधायक शालिनी मिश्रा, हर्ष राज सहित चार लोगों को संरक्षक मंडल में रखा गया। बैठक के दौरान आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर लवकुमार यादव, शम्भू महतो, नवल पासवान, प्रभात कुमार, आमोद कुमार पाठक, रवि जायसवाल, अशोक कुमार सिंह, मनीष कुमार चौरसिया, शुभम कुमार, भगवाधारी नितेश, बंटी सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

होली को लेकर थाना परिसर हुई शांति समिति की बैठक

बीएनएम। तुरकौलिया

होली शांतिपूर्ण हो इसके लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। जहां थानाध्यक्ष ने बारी-बारी से शामिल हुए लोगों से उनके क्षेत्र के बारे में पूछा। इस दौरान बेलवराय के पंचयात समिति सदस्य ईद महम्मद देवान ने कहा कि उनके क्षेत्र में होली के दिन पुलिस की टीम भेजा जाए। उनका पंचयात सबसे बड़ा है। सभी जनप्रतिनिधि को यह भी बताया कि होली और रमजान के महीने का दूसरा जुम्मा एक ही दिन है। होली का त्यौहार साल में एक बार ही आता है। साथ ही रमजान का महीना भी साल में एक बार आता है। और यह दोनों पर्व एक ही दिन हो रहा है। इसमें सभी लोगों को सावधानी बरतनी पड़ेगी। जिसे पर्व शांति पूर्ण रूप से मनाया जा सके। वही थानाध्यक्ष ने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध है। क्षेत्र में डीजे बजाने वाले आयोजको और संचालकों पर कार्रवाई की जायेगी। हुड़दंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पर्व पर अफवाह फैलाने वालों की सूचना दे। वही उन्होंने होली की सुभकामनाये भी दी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पर्व पर आपसी भाईचारे का मिशाल तुरकौलिया वासी देंगे। मौके पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार, अपर थानाध्यक्ष मंदन कुमार, मुखिया विनोद सिंह, सरपंच मनोज गुप्ता, पुनदेव सहनी, पंचायत समिति सदस्य ईद महम्मद देवान, रजनीश यादव उर्फ पेटू राय, अशोक यादव, फिरोज आलम, एमएलसी प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, अजमल कमाल, मुखिया कयामुद्दीन आलम, भगवान सहनी, चंदन कुशवाहा आदि मौजूद थे।

घर से निकले युवक का अपहरण, पुलिस ने किया बरामद

बीएनएम। शेखपुरा

जिले के कलचौक निवासी विद्यानंद चौहान द्वारा टाउन थाना में एक लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र के अपहरण की बात बताई गई थी. लिखित आवेदन में विद्यानंद चौहान ने कहा था कि उनका पुत्र अमित कुमार घर से मेहुस मोड़ के लिए निकला था. जिसका अपहरण कर लिया गया. इसी मामले में टाउन थाना में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार और पुलिस अगर निरीक्षक कुमारी शुभम सिंह एवं दीव की टीम द्वारा सशस्त्र बल के सहयोग से तकनीकी अनुसंधान छापामारी के क्रम में एफएचडी अमित कुमार को रसलपुर गांव के निकट बिहार से बरामद किया गया. वहीं एकसारी गांव निवासी अपहता विजय पासवान के पुत्र मुस्कान कुमार को भी शेखपुरा टाउन थाना की पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है. इस बाबत टाउन थाना के थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि दोनों अपेक्षा को बरामद कर लिया गया है और उचित कार्रवाई की जा रही है|

नगर के बस स्टैंड पर 2.75 करोड़ और मालवाहकों के लिए 1.97 करोड़ की अधिकतम बोली पर बंदोबस्ती: गरिमा

बीएनएम। बेतिया

न्यू हरिवाटिका बस स्टैंड की बंदोबस्ती पर 2.75 करोड़ की अधिकतम बोली पर की गई। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके लिए सुरक्षित जमा राशि 2,63,62,476 निर्धारित की गई थी। पुरानी गुदरी के वसीम खान के द्वारा छठे चक्र 2.75 करोड़ की अधिकतम बोली के आधार पर वर्ष 2025-26 के लिए बंदोबस्ती सशक्त स्थायी समिति द्वारा आवंटित की गई।महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र में मालवाहक वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूली के सैरात बंदोबस्ती की बोली सुरक्षित जमा राशि 1,59,65,910 के विरुद्ध इसकी बंदोबस्ती की अधिकत्तम बोली के आधार पर बथुवड़िया बगहा एक अंचल के जवाहर साह को सातवें चक्र की अधिकतम बोली के आधार 1,97,50,000 में की गई। महापौर ने बताया कि इसके अलावा सागर पोखरा बोलेरो स्टैंड, न्यू हरिवाटिका बस स्टैंड कैंटीन के अतिरिक्त नगर निगम के विभिन्न वार्डों में स्थापित 10 शौचालयों के साथ सागर पोखरा एवं उत्तरवारी पोखरा नौकायान, नजर बाग पार्क बंदोबस्ती इत्यादि के लिए 11 और 20 मार्च की तिथि निर्धारित है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने सार्वजनिक अपील जारी कर कहा कि बाकी सैरातों कि आगामी 11 और 20 मार्च को नगर नगर निगम के सभागार में लगने वाली बंदोबस्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की।

पुल का क्षतिग्रस्त रेलिंग दुर्घटना को दे रहा दावत

बीएनएम। केसरिया

केसरिया-चकिया मुख्य सड़क मार्ग स्थित लचका पुल का क्षतिग्रस्त रेलिंग किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। जिस पर संबंधित लोगों की कोई नजर नहीं है। विगत कई माह पहले इस पुल की रेलिंग को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर तोड़ दिया था।उल्लेखनीय है कि इस सड़क मार्ग स्थित लचका के पास दो पुल है। एक पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त है। इस जगह करीब 15 फिट गढ्ढा है। इस मार्ग से कार, बस, ट्रक सहित हजारों छोटे-बड़े वाहन प्रतिदिन आते जाते हैं। समय रहते अगर पुल के क्षतिग्रस्त रेलिंग को नहीं बनवाया गया तो भविष्य में किसी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त जगह शाम के समय पुल का किनारा साफ नहीं दिख रहा है। जिससे कई लोग दुर्घटना का शिकार होने से बचे हैं।

चचेरे भाइयों में मारपीट, दम्पति व पुत्र घायल

बीएनएम। शेखपुरा

शेखपुरा. मामला अरियरी थाना क्षेत्र के वरुणा गांव का है. जहां दो चचेरे भाइयों के बीच मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया. और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की घटना घटित हुई. इस घटना में त्रिलोक राम उनकी पत्नी सुशीला देवी और पुत्र जयचंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल जयचंद कुमार ने बताया कि गांव के ही प्रकाश राम, विकास राम और तारा देवी ने उनके दो वर्षीय पुत्र पर धान की पोआल चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर उसकी पिटाई शुरू कर दी. जब परिवार के सदस्य बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन पर भी खंती और डंडों से हमला कर दिया गया. मारपीट की इस घटना में त्रिलोक राम, सुशीला देवी और जयचंद कुमार को गंभीर चोटें आईं. सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है. घटना के संबंध में पीड़ित के लिखित बयान पर अरियरी थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है.

छिलका निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

बीएनएम। शेखपुरा

जिले के घाटकोसुम्भा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गगौर गांव में बिगत दिनों पहले सीएम नीतीश कुमार का आगमन हुआ था। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम के लिए जी तोड़ मेहनत की थी और कई विकास योजनाओं की सौगात दी थी। इसी योजना का तहत गगौर गांव के बहियार स्थित नहर में छिलका का निर्माण कराया जाना था. लेकिन छिलका निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग जोर सोर से किया जा रहा है. और न ही अधिकारी इसको देख रहें है और न ही स्थानीय प्रशासन. इस संबंध में जब मीडिया की टीम ने काम हो रहे स्थल को देखा तो उनकी आँखे खुली की खुली रह गई. दरसल मनरेगा योजना के तहत गगौर गांव के बहियार स्थित नहर में छिलका का निर्माण कराया जा रहा है. इसकी देख रेख पीआरएस प्रदीप कुमार द्वारा किया जा रहा है. इस निर्माण कार्य में बालू की जगह पहाड़ का मोरंग इस्तेमाल हो रहा है यही नही. पांच नंबर का घटिया ईंट का प्रयोग भी किया जा रहा है. यही नही मनरेगा योजना के तहत जिन मजदूरों से काम कराया जाना है उनकी जगह कोई और काम कर रहा है. पीआरएस प्रदीप से जब इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में कोई लापरवाही नहीं है. जबकि कार्य का विस्तार देखा जा सकता है. जरूरत है की जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में ले और घटिया निर्माण पर अबिलम्ब रोक लगाए ताकि सीएम के योजना का लाभ जनता को सही से मिल सके.

रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं।

सवाल संसदीय परंपरा का ही

मनोज कुमार मिश्र

लगातार दो बार प्रचंड बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) आसानी से इस बार विधानसभा चुनाव में हुई हार को पचा नहीं पा रही है। जिसके कार्यकाल में विधानसभा और संसदीय मर्यादा तार-तार हुई हो उसी पार्टी ने विधानसभा की पहली ही बैठक में उसके शासन के भ्रष्टाचार के कारनामों से जुड़े सीएजी (कैग) रिपोर्ट सार्वजनिक करने से बौखला कर विधानसभा को दंगल बनाने की असफल कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आआपा विधायकों को विधानसभा के साथ-साथ विधानसभा परिसर से निकाल दिया तो पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी समेत आआपा नेताओं ने इसे संसदीय लोकतंत्र पर हमला बताया। उनके अपने कार्यकाल में न तो नियमों के हिसाब से विधानसभा की बैठक बुलाई जाती थी और न ही विपक्ष को किसी सत्र में ढंग से बोलने दिया जाता था। विपक्ष यानी भाजपा के सदस्य ज्यादातर बैठकों में सदन से बाहर ही रहे। 1993 में दिल्ली विधानसभा का मौजूदा स्वरूप बनने के बाद इसकी नियमावली बनानेवाले दिल्ली विधानसभा और लोकसभा के पूर्व सचिव सुदर्शन कुमार शर्मा का कहना है कि विधानसभा से निष्कासन का मतलब विधानसभा परिसर से निष्कासन हो सकता है- इस पर चर्चा हो सकती है लेकिन वे कैसे सवाल उठा सकते हैं, जिन्होंने विधानसभा में कोई नियम ही लागू नहीं होने दिया। तभी तो दिल्ली संशोधन विधेयक पर बिल पास करवाने से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने चेतावनी दी थी कि कहीं नियमों को न मानने वालों की सरकार विधानसभा से ही हाथ धो बैठे। आआपा के दिल्ली पर शासन के दौरान दिल्ली में तीन उप राज्यपाल बने और तीनों से उनकी लड़ाई चलती ही रही। आआपा ने कई नई परंपराएं शुरू करके संवैधानिक व्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया था। 2012 में नई पार्टी बनकर पहले 2013 में अल्पमत सरकार नियमों के खिलाफ बिना उप राज्यपाल की अनुमति से जन लोकपाल विधेयक विधानसभा में न लाने देने पर 49 दिन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। नियमों से परे जाकर सार्वजनिक अवकाश के दिन रामलीला मैदान में विधानसभा बुलाने पर केजरीवाल अड़े रहे। यह अलग बात है कि दो बार भारी बहुमत से सरकार बनने बाद दोबारा उनकी सरकार ने जन लोकपाल की चर्चा भी नहीं की गई। खुद अपने लोकपाल को पार्टी से ही विदा कर दिया। विधान में विधानसभा की बैठक अधिकतम छह महीने पर बुलाने का प्रावधान है। इसी के चलते लोकसभा से विधानसभा तक साल में तीन सत्र होते हैं। साल के शुरू में होने वाली बैठक को बजट सत्र कहा जाता है और उसकी शुरुआत संसद में राष्ट्रपति और दिल्ली में उप राज्यपाल के अभिभाषण से होता है। परंपरा के तौर पर सरकार के कामकाज को ही अभिभाषण में जगह दी जाती है। उस सत्र में इस प्रस्ताव को पास करवाने से लेकर बजट पास किया जाना मुख्य काम रहता है। जुलाई-अगस्त में होने वाले सत्र को मानसून और नवंबर-दिसंबर में होने वाले सत्र को शीतकालीन सत्र कहा जाता है। हर सत्र को बुलाने और सत्रावसान करने के लिए मंत्रिमंडल अपना प्रस्ताव उप राज्यपाल को भेजती है। अमूनन उस पर उप राज्यपाल की तुरंत मंजूरी आ जाती है। विशेष परिस्थिति में विशेष सत्र की भी इजाजत उसी तरह से ली जाती है। पिछली सरकारें गिनती के लिए विशेष बैठक बुलाई थी। दिल्ली में विधानसभा बनने पर 1993 में पहली सरकार भाजपा की बनी। पांचों साल भाजपा सरकार ने नियमों का पालन करके अधिकतम तीन-तीन बार बैठक बुलाई। 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। 15 साल के शासन में कांग्रेस सरकार ने तीन बार एक-एक दिन का विशेष सत्र भी नियमों के हिसाब से उप राज्यपाल की अनुमति लेकर बुलाई। आआपा ने तो कोई नियम और परंपरा के हिसाब से चलना स्वीकार नहीं किया। पूरे दस साल आआपा सरकार साल के शुरू में उप राज्यपाल का अभिभाषण कराना अनिवार्य होने से एक सत्र नियमानुसार बुलाती थी। बाद में उसी का विस्तार करके केवल विधानसभा अध्यक्ष को कह कर कई-कई बैठकें बुलाती थी। नियमित सत्र एक होता था और विशेष अनगिनत। आआपा सरकार ने साल 2015 और 2017 में सात-सात बार, 2016 में छह बार और 2023 में पांच बार बैठक हुई लेकिन सत्र एक ही रहा। सत्र का सत्रावसान इसलिए भी जरूरी है कि जब सत्र न चल रहा हो तो आपात काल में सरकार अध्यादेश ला सके। जब प्राकृतिक या कोई आपदा होगी तब सत्र बुलाना संभव वहीं होगा। सत्रावसान के बिना कोई फैसला पहले सदन में लिया जाता है और फिर उसे लागू किया जाता है। सत्रावसान हुआ नहीं और सदन चल रहा नहीं, ऐसे में तो आआपा सरकार ने सदन को भी मजाक बना दिया था। सत्र शुरू तो होता था लेकिन सत्रावसान होता ही नहीं था। जिस उप राज्यपाल के नाम पर विधानसभा की बैठक बुलाई जाती है, उनकी निंदा करने के लिए बैठक बुलाई गई। एक बार तो सारी मर्यादाएं तोड़ दी गई जब विधानसभा के भीतर उप राज्यपाल को हटाने के लिए सारी रात धरना दिया गया। विधानसभा परिसर में पहली बार आआपा विधायकों ने धरना देकर विधानसभा की परंपरा और मर्यादाओं को तार-तार किया। जुलाई, 2018 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने4 अगस्त, 2016 के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि गैर आरक्षित विषयों में दिल्ली की सरकार फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली सरकार का मतलब उप राज्यपाल है। तब तक दिल्ली सरकार की उप राज्यपाल से इस कदर टकराव बढ़ा थी कि उप राज्यपाल ने आरक्षिक विषयों पर सरकार और विधानसभा में चर्चा करानी तक बंद करवा दी थी। उसके बाद पिछले साल मार्च महीने में संसद के दोनों सदनों से 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन)-2021' विधेयक पास करवाकर उप राज्यपाल को पहले से ज्यादा ताकतवर बना दिया। इसी बदलाव के चलते हर फैसले में उप राज्यपाल की सहमति जरूरी है। लोकसभा में दिल्ली सरकार में काबिज आआपा का कोई सांसद न होने के चलते इस संशोधन विधेयक का विरोध कांग्रेस जैसे विरोधी दल ही कर पाए, राज्य सभा में अन्य विपक्षी दलों के साथ-साथ आआपा के सांसदों ने विरोध किया। उसके जवाब में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अन्य बातों के अलावा यह भी कह दिया कि नगर निगम एकीकरण के ज्यादा विरोध में कहीं अपनी सरकार न गंवा बैठें। वैसे बाद में इस पर न तो कोई सफाई आई न चर्चा हुई लेकिन पिछले कुछ सालों से चल रहे हालात से यह चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं विधानसभा खत्म हो जाए और फिर से महानगर परिषद् जीवित हो जाए। जिसे खत्म करके ही 1993 में विधानसभा दी गई थी। संविधान के जानकार सुदर्शन कुमार शर्मा ने तभी कहा था कि संविधान के जिस 69 वे संशोधन के तहत दिल्ली को विधानसभा मिली, उसमें यह भी लिखा हुआ है कि इसमें कोई भी संशोधन मूल विधान में संशोधन माना जाएगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ज्यादा बदलाव कर पाएगी, इसमें संदेह है। यही हुआ भी। आजतक उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। एक समय यह था कि विधानसभा की 1993 में नियमावली बनाते समय तब के उप राज्यपाल पीके दवे ने दिल्ली की पहली निर्वाचित सरकार के अनुरोध पर आरक्षित विषयों- जमीन (दिल्ली विकास प्राधिकरण), कानून- व्यवस्था और दिल्ली पुलिस के कामकाज पर भी विधानसभा में उसी तरह से चर्चा करने के लिए विधान बनाने की आजादी दी जैसे अन्य विषयों में चर्चा करने का प्रावधान नियमावली में बन रहा था। विधानसभा में आराम से आरक्षित विषयों पर चर्चा होती थी। जिस तरह बाकी विभाग प्रमुख प्रश्नकाल या चर्चा के समय विधानसभा के अधिकारी दीर्धा में मौजूद रहते थे उसी तरह से दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहते थे। आआपा सरकार के दिनों में तो यह कोई सोच ही नहीं सकता था। इतना ही नहीं, तब के मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना के अनुरोध पर दिल्ली सरकार के आलाधिकारियों के एसीआर (सालाना गोपनीय रिपोर्ट) लिखने का अधिकार मुख्यमंत्री और मंत्रियों को दे दिया था। उप राज्यपाल केवल कुछ अधिकारियों के रिपोर्ट को रिव्यू (फिर से जांच) करते थे। जबकि अधिकारी यानी सेवाएं आरक्षित विषय है। शायद दिल्ली में 27 साल बाद बाजपा सरकार बनने और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में मजबूत सरकार होने के चलते लोगों में यह उम्मीद जग रही है कि दिल्ली विधानसभा में फिर से 1993-98 वाले दिन लौटें। दिल्ली में 27 साल बाद पिछले महीने रेखा गुप्ता की अगुवाई में भाजपा सरकार बनी है।

सूडोकु नवताल- 7366

***** कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7365 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

रंजन श्रीवास्तव

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। पटेल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।

मेष राशिः आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।

वृष राशिः आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशिः आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से अच्छा उपहार मिलने की संभावना है।

कर्क राशिः आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा।

सिंह राशिः आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

कन्या राशिः आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

धनु राशिः आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशिः आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

कुंभ राशिः आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे।

मीन राशिः आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

विशेष मेला (11 मार्च) पर विशेष

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है, जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेद्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनों लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आयेगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी कि इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण

निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की ओर अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खिंचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है, उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध में विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

रोहित बोले अभी संन्यास नहीं ले रहा

भविष्य की योजनाएं आने वाले समय में तय करेंगे

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली जीत के बाद कहा कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे हैं। इसलिए इस बारे में अफवाएं न फैलाएं। इससे पहले अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले सकते हैं। रोहित ने जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा , 'भविष्य की योजनाएं भविष्य में तय की जाएंगी. अभी, सब कुछ वैसे ही चलता रहेगा जैसा चल रहा है.' चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास न लेकर रोहित ने संकेत दिये हैं कि वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक टीम में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेला। अपने अनुसार परिणाम हासिल करना एक शानदार अहसास है। आक्रामक शैली से न खेलना मेरे लिए यह स्वाभाविक नहीं है, लेकिन मैं सही में ऐसा करना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'जब आप कुछ अलग कर रहे होते हैं तो आपको टीम और प्रबंधन से समर्थन होना चाहिए। मैंने इस बार में कोच से भी बात की थीघ्। . मैं वास्तव में ऐसा करना चाहता था। मैं इन साल में एक अलग शैली में खेला और अब हम इस शैली के साथ परिणाम हासिल कर रहे हैं.' रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने गत वर्ष वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप जीता था। इसके बाद रोहित और विराट कोहली ने टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। ऐसे में कहा जा रहा था कि रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद भी इसी तरह का फैसला लेते हुए एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास ले सकते हैं पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। फाइनल से पहले कप्तान रोहित ने जिस प्रकार मीडिया से बात करने शुभमन गिल को भेजा था उससे भी लगा था कि वह फाइनल के बाद संन्यास ले सकते हैं। वहीं फाइनल में हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि उनकी टीम एक बेहतर भारतीय टीम से हारी। सेंटनर ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह अच्छा टूर्नामेंट था। हमें कड़ी चुनौती मिली और हम आज एक बेहतर टीम से हारे।

विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला। विराट ने यह भी बताया कि वह हमेशा युवा खिलाड़ियों से बात करने की कोशिश करते हैं और उन्हें अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन्हें यह बताते हैं कि उन्होंने इतने सालों तक क्रिकेट कैसे खेला और किस तरह से दबाव की स्थितियों में अपने प्रदर्शन को बेहतर किया।

खिताबी जीत के बाद विराट ने शमी की मां के छुए पैर

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और पूरी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद खुशी मनाती दिखी। इसी बीच के एक भावुक पल का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है। इसमें विराट तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा के पैर छूते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो पुरस्कार वितरण समारोह के बाद का है। विराट ने अपनी इस विनम्रता से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल भी जीत लिया। विराट हालांकि फाइनल में रन नहीं बना पाये पर भारतीय टीम की जीत में उनका अहम योगदान रहा। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जहां शतक लगाया था। वहीं सेमीफाइनल में अर्धशतक लगाया था। टीम इंडिया ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, और यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया, और कोहली का शमी की मां के प्रति सम्मान दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट टीम में खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि एक दूसरे के परिवार के प्रति भी बेहद सम्मान की भावना रखते हैं। इस जीत के बाद भारत के क्रिकेटप्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड जाएगी भारत ए टीम

मुम्बई। भारत-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। भारत ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जा सकते हैं जिससे कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिएस अपनी दावेदारी पक्की की जा सके। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला खेला जाएगा उसमें भी ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज़ को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफ़राज़ ख़ान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था।

चैम्पियंस ट्रॉफी : अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था।" वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। वहीं पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर कहा, "भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती पर पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पीसीब मेजबान था पर इसके बाद भी उसे मंच पर जगह नहीं मिल पाना हैरानी की बात है। इसके साथ ही ये भी सवाल उठाता है कि पीसीसी की ओर से क्यों कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया।"

व्यापार

शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूती



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिलीजुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलते ही कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना। हालांकि थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर खरीदारी शुरू कर दी, जिससे शेयर बाजार की चाल में दोबारा तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अडाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयर 3.72 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, ट्रेंट लिमिटेड, बजाज ऑटो, लार्सन एंड टूब्रो और टाइटन कंपनी के शेयर 3.19 प्रतिशत से लेकर 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,470 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,154 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,316 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 142.40 अंक की तेजी के साथ 74,474.98 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक कुछ मिनट में ही लाल निशान में गिर कर 74,156 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 251.04 अंक की बढ़त के साथ 74,583.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 30.65 अंक की कमजोरी के साथ 22,521.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण थोड़ी ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 22,498.65 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाला और लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक सुबह 10 बजे के करीब उछल कर 22,676.75 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि इसके बाद हुई मामूली बिकवाली के कारण इसकी चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 76.35 अंक की तेजी के साथ 22,628.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 7.51 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 74,332.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 7.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 22,552.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

» भारत की मदद से धान भी तोड़ेगा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,390 रुपये से लेकर 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे गिरकर 87.25 पर खुला

मुंबई। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती और विदेशी कोषों की लगातार निकासी के चलते स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ गया। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 86.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत बढ़कर 103.84 पर था।

पेप्सिको का भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

» दो और संयंत्र खोलने की योजना

नई दिल्ली। पेप्सिको ने घोषणा की है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपने राजस्व को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है और इसे वृद्धि के इंजन के रूप में मान रही है। अधिकारी ने कहा कि पेप्सिको भारत में तीन बाजारों की शीर्ष तीनों में से एक है, जहां उन्होंने दहाई अंक की वृद्धि देखी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है और दो अतिरिक्त संयंत्र खोलने की योजना बना रही है। पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए आक्रामक निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में वृद्धि का इंजन होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है।

टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा से सोनाक्षी सिन्हा का 'पावरफुल फर्स्ट लुक आउट

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने खास अंदाज में महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी ने अपनी आगामी तेलुगु डेब्यू फिल्म जटाधारा से फर्स्ट लुक जारी किया है और सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी के अलावा करीना कपूर, कियारा आडवाणी ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म जटाधारा से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं. मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा को टैग करते हुए 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर उनका पहला लुक पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा है, इस महिला दिवस पर जटाधारा में स्ट्रेंथ और पावर उभर रहा है. सोनाक्षी सिन्हा का स्वागत है. मेकर्स ने सोनाक्षी का शानदार पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में सोनाक्षी काफी अलग अवतार में नजर आ रही हैं. वह खुले बाल, लंबे नाखून, भारी गहने और चूड़ियां पहनी नजर आ रही हैं. बोल्ड मेकअप, काजल से सजी आंखें और काली बिंदी उनके उग्र अवतार को दर्शा रही हैं. सोनाक्षी का ये अवतार उनके रहस्यमयी और पावरफुल महिला के अवतार को दिखा रही है. फर्स्ट लुक पर सोनाक्षी के पति जहीर इकबाल और बेस्ट फ्रेंड हुमा कुरैशी का रिएक्शन सामने आया है. जहीर ने पोस्ट पर फायर वाला इमोजी छोड़ा है. वहीं, हुमा ने सोनाक्षी की तारीफ करते हुए फैबुलस कहा है. जटाधारा की शूटिंग 14 फरवरी को हैदराबाद में एक मुहूर्त समारोह के साथ शुरू



हुई, जिसमें इंडस्ट्री के कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए. सुधीर बाबू अभिनीत जटाधारा का निर्देशन वेंकट कल्याण कर रहे हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर आईफा के लिए रवाना हो चुकी हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी खास तस्वीरें पोस्ट की हैं और सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लाल दिल वाले इमोजी के साथ लिखा है, सेल्फ लव, हैप्पी वुमन डे एंड हेलो आईफा. वहीं, कियारा आडवाणी ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट करते हुए लिखा है, हर दिन हैप्पी वुमन डे.

ध्रुव विक्रम ने बाइसन के पहले लुक में अपना एथलेटिक साइड दिखाया

ध्रुव विक्रम की आगामी फिल्म बाइसन के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। नीलम स्टूडियो के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने इस रोमांचक स्पोर्ट्स ड्रामा का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में ध्रुव विक्रम को दो अलग-अलग लुक में दिखाया गया है। हालांकि, इन दोनों अवतारों में नायक को एथलेटिक बॉडी के साथ दिखाया गया है। अपने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर करते हुए ध्रुव विक्रम ने लिखा, बाइसन। फर्स्ट लुक। बेबाक। अडिग। अदम्य। प्रशंसित मारी सेल्वराज द्वारा निर्देशित इस प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम एक कबड्डी खिलाड़ी की भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन भी हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और जूनून, लचीलापन और सभी बाधाओं के खिलाफ जीत की एक मनोरंजक कहानी पेश करती है। पिछले महीने, ध्रुव विक्रम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म पर काम करने के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने फोटो-शेयरिंग ऐप पर लिखा, वर्षों की तैयारी, कई महीने के फिल्मांकन, खून-पसीना और आंसू बहाने के बाद, आखिरकार बाइसन की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म की शूटिंग और तैयारी की प्रक्रिया ने मेरी जिंदगी बदल दी है। मेरी आत्मा को मजबूत करने और मुझे जीवन भर का अनुभव देने के लिए मारी सेल्वराज सर का शुक्रिया। निर्देशक मारी सेल्वराज ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फिल्म की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की, जिसमें लिखा था, अथक काम, अथक प्रयास और निरंतर समर्थन के वे सभी दिन अनंत भावनाओं में समाहित हो गए हैं! इस यात्रा को पूरी तरह से खूबसूरत बनाने के लिए सभी का शुक्रिया! मुख्य जोड़ी के रूप में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन के साथ पशुपति, राजिशा विजयन, हरि कृष्णन, अजगम पेरुमल, अरुवी माधानंद और कलैयारासन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बाइसन में निवास के. प्रसन्ना का संगीत होगा और कैमरा वर्क की जिम्मेदारी एजिल अरासु की होगी। समीर नायर, दीपक सहगल, निर्देशक पा रंजीत और अदिति आनंद द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म के संपादन विभाग का नेतृत्व शक्ति थिरु ने किया है।

केतिका शर्मा के ग्लैमरस गाने के साथ शुरू होगा रॉबिनहुड का प्रमोशन

सामने आया फिल्म का एक और पोस्टर

साउथ अभिनेता नितिन की आगामी फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म में केतिका शर्मा के डांस होने की पुष्टि एक पोस्टर के जरिए की। नितिन की नई फिल्म रॉबिनहुड एक एक्शन और कॉमेडी से भरपूर फिल्म होगी, जिसे कई बार किन्हीं कारणों से टाला गया है। अब फाइनली निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म 28 मार्च, 2025 को

सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को वेंकी कुदुमुला ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में साउथ अभिनेता नितिन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में नितिन के साथ पुष्पा फेस सॉन्ग किसिक अभिनेत्की श्रीलीला अहम भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में फिल्म के निर्माता रविशंकर ने कहा कि यह नितिन की सबसे शानदार फिल्म होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नितिन और श्रीलीला की जोड़ी पोकिरी फिल्म के महेश बाबू और इलियाना की जोड़ी की याद दिलाएगी। फिल्म में खूबसूरत अभिनेत्री केतिका शर्मा एक खास डांस नंबर में नजर आएंगी। इस गाने की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी, लेकिन फिल्म के टलने की वजह से इसे रिलीज नहीं किया गया। अब यह खास गाना 10 मार्च को रिलीज होगा। फिल्म निर्माताओं ने आज केतिका का एक शानदार डांसिंग मूव पोस्टर जारी किया है। गाने का शीर्षक है आधी धा सरप्रिसु, जिसके बोल चंद्र बोस ने लिखे हैं और डांस मूव्स शेखर मास्टर ने तैयार किए हैं। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर जीवी प्रकाश कुमार हैं। 28 मार्च की रिलीज से पहले कई इवेंट्स की योजना बनाई गई है। रॉबिनहुड को माइथ्री मूवी मेकर्स ने बनाया है।

गाउन पहन नागिन सी बलखाती दिखीं जाह्नवी कपूर

तस्वीरों ने हाई किया इंटरनेट का पारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिलकश अदाओं से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट

पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने सिल्वर कलर का रिवीलिंग फिशटेल कट लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिल अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर ट्रेंड करने लगता है। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहत हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

विक्की कौशल की पहली फिल्म की 500 करोड़ी क्लब में एंट्री, पुष्पा 2-जवान संग लिस्ट में शामिल हुई छावा

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी हैं. इसी के साथ छावा 500 करोड़ क्लब में भी शामिल हो गई है. चौथे शुक्रवार को छावा ने बॉक्स ऑफिस पर एक बार फिर जादुई उछाल के साथ उड़ान भरी है और 500 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही. उम्मीद है कि फिल्म चौथे वीकेंड पर भी जबरदस्त कमाई करेगी. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, छावा का तीसरा सप्ताह शानदार रहा. छावा ने तीसरे सप्ताह में कुल 84.94 करोड़ रुपये कमाए. पुष्पा 2 (107.75 करोड़ रुपये) के बाद तीसरे सप्ताह में सबसे ज्यादा कमाने वाली दूसरी फिल्म है. इसने स्त्री 2

(72.83 करोड़) और बाहुबली 2 हिंदी (69.75 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है. स्त्री 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद, सिर्फ आठ महीनों के भीतर दिनेश विजान (मैडॉकफिल्म्स) की छावा दूसरी 500 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई है. तरण आदर्श ने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, 500 नॉट आउट... छावा 500 करोड़ क्लब (22वें दिन) में शामिल हो गई है. इसी के साथ छावा हालिया ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है- पुष्पा 2 हिंदी, जवान, स्त्री 2, गदर 2, पठान, बाहुबली 2 हिंदी और एनिमल, यह एक बड़ी उपलब्धि है. तरण आदर्श के मुताबिक, विक्की कौशल की इस पीरियड ड्रामा ने चौथे शुक्रवार यानी 22 दिन 6.30 करोड़ रुपये की कमाई की और 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. विक्की कौशल स्टारर ने 22 दिनों में 502.70 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. बता दें, छावा विक्की कौशल के करियर की पहली 500 करोड़ी फिल्म है. तरण आदर्श के मुताबिक छावा 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 8वी हिंदी फिल्म है. पुष्पा 2 हिंदी ने 10 दिनों में 500 करोड़ क्लब में प्रवेश किया था, और जवान ने 13 दिनों में अपनी एंट्री की थी. इसके अलावा स्त्री 2 ने 18 दिनों और एनिमल ने 16 दिनों 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था. वहीं, शाहरुख खान की पठान ने भी 22 दिनों में 500 करोड़ का आंकड़ा छूने में कामयाब रही है. चौथे शुक्रवार, 7 मार्च को छावा तेलुगु वर्जन में रिलीज हुई. इस पीरियड फिल्म ने हिंदी वर्जन में लगभग 6.5 करोड़ और तेलुगु वर्जन में 2.25 करोड़ की कमाई की. यह तेलुगु वर्जन के लिए अनुमानित आकंड़े हैं. उम्मीद है कि यह बॉक्स ऑफिस पर वीकेंड तक और बढ़ेंगे. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने 21वें दिन ओवरसीज में 1.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिससे छावा का कुल ओवरसीज कलेक्शन 81.5 करोड़ रुपये हो गया. वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रिलीज के 21वें दिन के बाद 659 करोड़ रुपये हो गया.

अभिषेक बच्चन की बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना जारी, डांस करती दिखीं नोरा फतेही

काफी समय से अभिषेक बच्चन अपनी आगामी फिल्म बी हैप्पी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान रेमो डिसूजा ने संभाली है। इस फिल्म में अभिषेक के साथ बाल कलाकार इनायत वर्मा नजर आएंगी। नोरा फतेही भी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अब बी हैप्पी का पहला गाना सुल्ताना रिलीज हो गया है, जिसमें नोरा जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। सुनिधि चौहान और मीका सिंह ने गाने को मिलकर गाया है। यह एक डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक के किरदार का नाम शिव रस्तोगी होगा। वह इसमें एक ऐसे पिता बने हैं, जो अपनी बेटी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है। फिल्म में अभिषेक अकेले अपने बेटी की परवरिश करते दिखेंगे। बी हैप्पी का प्रीमियर 14 मार्च, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। जॉनी लीवर और हरलीन सेठी भी फिल्म का अहस हिस्सा हैं।



Cricket victory rally turns violent in Mhow

Agency: Violent communal clashes erupted in Madhya Pradesh's Mhow on Sunday night after stone-pelting at a rally celebrating India's ICC Champions Trophy victory, resulting in the arrest of at least 13 people, officials said on Monday. Authorities have assured strict action against those involved in the incident, with the situation now under control. Police are scanning CCTV footage and mobile videos to identify those responsible for the violence. According to police, a group of cricket fans had organised a victory rally to celebrate India's win over New Zealand in Mhow. However, as they passed the Jama Masjid area, a large group allegedly began throwing stones, triggering chaos and forcing them to flee, abandoning their motorcycles. Subsequently, two shops, some abandoned motorcycles and cars were set on fire, intensifying tensions. Some reports suggested that the violence stemmed from an altercation near a mosque, where rally participants had a dispute with another group over firecrackers. The disagreement escalated into physical altercations and stone attacks. However, police have said that a thorough probe would be conducted to determine the exact cause of the clashes. In one of the videos, a group of unidentified individuals, wearing face masks, were seen wielding sticks and throwing stones. Meanwhile, Indore Collector Ashish Singh stated that action under the stringent National Security Act (NSA) would be taken against some of the accused. "Peace has been restored, and no one involved in the violence will be spared. Strict action will follow," he said. Authorities have also cautioned against spreading rumours or inflammatory messages on social media, warning of legal consequences for those engaging in such acts. The clashes triggered widespread panic in the town, with police making urgent efforts to restore calm. The law enforcement agencies remain on high alert to prevent further disturbances. Army personnel have also been deployed in the affected areas to prevent further violence and bring the situation under control

Ayushman medicine scam unearthed at PGI

Agency: A racket involving misappropriation of medicines meant for patients under the Ayushman Bharat cashless scheme has been unearthed at the Postgraduate Institute of Medical Education and Research (PGIMER). The scam, allegedly spanning multiple states, is under investigation. On February 18, the PGIMER security staff caught a youth attempting to claim Rs 60,000 worth of medicines from AMRIT Pharmacy using a fake stamp. After the interrogation of the accused, officials recovered an indent book from the Department of Urology and eight counterfeit stamps belonging to various departments of the PGIMER. The police found that the accused was getting instructions from a handler in Saharanpur, Uttar Pradesh, who had been using forged documents to fraudulently obtain medicines worth crores under the Ayushman Bharat Yojana. These medicines were then allegedly sold to private medical stores. The perpetrators also had access to patient data of the PGIMER, raising concerns about data security and misuse.

SAD warns leaders against indiscipline

Agency: The crisis in the SAD over the removal of the jatehdars of Akal Takht and Takht Sri Kesgarh Sahib deepened today with the party's working president, Balwinder Singh Bhunder, stating that indiscipline "will not be tolerated at any cost". Bhunder's statement came a day after several senior party leaders and former ministers, including Sukhbir Singh Badal's brother-in-law Bikram Singh Majithia, condemned the SGPC interim committee's decision of removing the two jathedars on March 7. Though he did not name any leader, Bhunder, after participating in the party's parliamentary board meeting, said, "No one is above the party. Everyone is free to express his views at the party forum but no one can be allowed to violate the party discipline. All such anti-party statements and videos are being referred to the party's disciplinary committee and show-cause notices will be issued to those who have spoken against the decisions of the SGPC and the SAD. Action will be taken on merit after consideration of their replies." The meeting was attended by Gulzar Singh Ranike, Janmeja Singh Sekhon, Mahesh Inder Singh Grewal, Heera Singh Gabria and Daljit Singh Cheema.

"Father's State?": Tejashwi Yadav As MLA Asks Muslims To Stay Home On Holi

Agency:A Bihar MLA's statement asking Muslims not to step out on Holi has drawn a sharp retort from Leader of the Opposition Tejashwi Yadav, who has asked if the state belongs to the MLA's father and dared Chief Minister Nitish Kumar to rebuke the MLA and make him apologise. aribhushan Thakur Bachol, MLA from Bisfi in Madhubani district, told the media that Muslims must stay at home on Holi to avoid a confrontation. This time, Holi is on Friday (March 14) and Muslims hold community prayers on Fridays. "Holi comes once a year. It is a festival of colours. Muslim friends get upset if someone puts colours on them. That's why I have said, if you have a large heart, then step out. Otherwise, stay at home so there is no confrontation. Jumma (Friday) comes 52 times a year. They talk about ganga-jamuna culture and brotherhood. Leave one jumma for Hindus then," he said. Asked about the Opposition RJD's response to his remarks, the legislator said, "The Opposition wants conflict so that their vote bank grows. We don't do vote bank politics." Responding to the MLA's remarks, RJD's Tejashwi Yadav said, "The BJP MLA has asked Muslim brothers not to step out. Is this father's state? Who is he? How can he make such a statement?" Targeting Chief Minister Nitish Kumar, he added, "The Chief Minister is unconscious. When Dalit women talk about their rights and honour, he scolds them.

X Down For Users

Agency: Elon Musk's X (formerly known as Twitter), is currently down, with users across the globe reporting issues with both the app and website. According to DownDetector, a platform that tracks outages, over 17,871 complaints were registered at around 3:20 PM. In response to the outage, several users turned to other social media platforms like Facebook and Reddit to verify the situation and confirm that the issue was widespread. Within a brief span of time, however, X began resuming its services.

Air India Flight Returns To Chicago Following Clogged Toilets In 10-Hr Fiasco

Agency: A Delhi-bound Air India flight that took off from Chicago, returned to the departure city after being airborne for ten hours, because the lavatories of the flight were completely clogged. This latest botch-up adds to the long list of disasters for passengers travelling by Air India. A Chicago-Delhi Air India flight was airborne for over ten hours on March 6, only to return to Chicago. While according to the airline, the flight could not reach its destination due to a 'technical issue', the actual reason for this fiasco, was clogged toilets. The Air India aircraft was over Greenland on March 5, while on its way to Delhi from Chicago, when 11 out of the 12 lavatories broke down. The long flight became unbearable for passengers with only one toilet available for use, for 300 passengers; this toilet was in the business class area of the flight. The passengers were extremely upset with the services of the airline, terming the airline and their flight as 'crappy'. In an official statement, Air India cited a 'technical issue' as the reason for the Delhi-bound flight's return to Chicago. The statement read, "Upon landing at Chicago, all passengers and crew disembarked normally and have been provided with accommodation to minimise inconvenience. Alternative arrangements are being made to fly the passengers to their destination." The Air India spokesperson also mentioned that passengers are being offered full refunds for cancellations and free rescheduling if they choose. However, this did little to ease the frustration of some customers, who reported having to go through numerous obstacles to have their flights rescheduled or refunded. This is not the first time in the recent past, that Air India has been questioned for its poor services. Numerous incidents of negligence have been reported, ranging from excessively long flight delays to broken seats and poorly behaved staff. The first incident, which occurred last week and sparked significant outrage, was related to the denial of a wheelchair to an old woman. An 82-year-old woman, who had arranged for a wheelchair in advance and received confirmation, was denied the assistance by the airline. As a result, the elderly woman, a widow of a highly respected Lieutenant General, was forced to walk through the airport. Tragically, she fell and sustained severe injuries. Her granddaughter, Parul Kanwar, shared the distressing experience, posting heartbreaking photos of her grandmother from the hospital. Not only did the airline deny any responsibility for the incident but, in an official statement, they have also decided to challenge the passenger's claims. In response to the public outcry, an Air India spokesperson defended the airline, stating that the family arrived after the recommended check-in time and clarified that wheelchair assistance was never denied at any point.

Uproar in J&K Assembly over Gulmarg fashion show

Agency: The Jammu and Kashmir Assembly on Monday witnessed chaos in connection to the ongoing controversy over an outdoor fashion show held at the ski resort town of Gulmarg while the Muslim holy month of Ramzan is underway. Several politicians, including Chief Minister Omar Abdullah, slammed the "obscene" event and said it hurt religious sentiments. As the House assembled for the day, members of the Jammu and Kashmir's ruling National Conference (NC), the People's Democratic Party (PDP), and two Independents stood up and raised the issue and also demanded a probe into how such an event could take place while people were observing day-long Ramzan fasts.

"The private event which took place in Gulmarg hurt the sentiments of people. Such events shouldn't happen at any time of the year. I want to set the record straight, the government has nothing to do with the fashion show. They (organisers) didn't seek any permission from us. It was a private show organised at a hotel," he explained. "If rules have been violated, the matter should be handed over to the police. But I want to make it clear that my government has no involvement." The BJP, however, slammed the NC, PDP, as well as clerics for creating a controversy over the fashion show, saying that the "outrage is unwarranted". "Flames of conservatism are being stoked in the Kashmir Valley. We need to develop an acceptance of all kinds of views and thoughts," said MLA Ranbir Singh Pathania. Shortly after the legislator's remarks, noisy scenes and verbal duels erupted between members of the NC-Congress, PDP, and BJP for over 25 minutes. Speaker Abdul Rahim Rather requested the members to remain calm multiple times, stating that he would give time to members after the Question Hour, but disruptions continued.

Devendra Fadnavis backs calls for Aurangzeb's tomb removal with jab at Congress

Agency: Maharashtra Chief Minister Devendra Fadnavis backed calls to remove Mughal King Aurangzeb's tomb in Chhatrapati Sambhajinagar but he added that it has to be done within the framework of the law as it has been put under ASI's (Archaeological Survey of India) protection. "We all also want the same thing, but you need to do it within the framework of the law, because it is a protected site. The site was put under ASI's (Archaeological Survey of India) protection during the Congress regime some years back," the Maharashtra Chief Minister said on Saturday in Mumbai. He said this in response to a statement by BJP's Satara MP Udayanraje Bhosale, a descendant of Maratha king Chhatrapati Shivaji Maharaj, who sought the removal of Aurangzeb's tomb located in Chhatrapati Sambhajinagar district. This comes a week after Samajwadi Party's Abu Azmi sparked controversy by praising Mughal emperor Aurangzeb. He claimed that Aurangzeb had built temples and was not a cruel emperor. Not just Bhosale but BJP leader and former Member of Parliament Navneet Rana also called for the removal of Aurangzeb's grave from Maharashtra as she attacked Abu Azmi for praising the Mughal ruler. Azmi was last week suspended from the Maharashtra legislative assembly till the end of the budget session on March 26 over his remarks praising Aurangzeb.

Virat Kohli's Trophy Collection: From 2008 Under 19 World Cup To Champions Trophy 2025

Rajiv Gandhi Khel Ratna & Padma Shri

ICC T20 World Cup Champion (2024)

IPL Orange Cap Holder (2016, 2024)

Wisden Leading Cricketer in the World (2016, 2017, 2018)

ICC Cricket World Cup Winner (2011)

Multiple ICC ODI & Test Cricketer of the Year Awards

ICC Champions Trophy (2025)

ICC Champions Trophy (2013)

Sir Garfield Sobers Trophy (2017, 2018)